हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार 30 जून 2024

15 मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने चलाया ...



16 बहादुर सिंह अखाड़ा के पहलवानों को किया ...



**खबर संक्षेप**

### सोहांसरा से पिकअप चोरी पुलिस ने किया केस दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव सोहांसरा में घर से सामने खड़ी पिकअप को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पिकअप मालिक की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पिकअप मालिक संदीप ने बताया कि उसने अपनी पिकअप को हमेशा की तरह अपने घर के सामने खड़ा किया था, लेकिन सुबह देखा तो पिकअप गायब थी। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



**भिवानी।** लोहारू में मालिक को पर्स लौटाते कैप्टन रामकुमार व अन्य।

### मालिक को पर्स लौटाकर दी ईमानदारी की मिसाल

**लोहारू ।** कहते हैं ईमानदारी अब भी जिंदा है, ऐसी ही ईमानदारी का उदाहरण फरटिया केहर निवासी पूर्व सैनिक कैप्टन रामकुमार ने पेश किया है। दरअसल कैप्टन रामकुमार को शहर के पंजाब नेशनल बैंक के पास एक पर्स मिला, जिसमें हजारों रुपयों की नकदी और आवश्यक दस्तावेज थे, जिसे उन्होंने मशक्कत करके असल मालिक को लौटा दिया। पर्स के मालिक ने कैप्टन रामकुमार का आभार जताया।

# आधे घंटे रुक-रुककर बरसे बदरा, किसानों के चेहरे खिले

## पारा 40 से लुढ़ककर 32 डिग्री सेल्सियस पर आया, उमस-गर्मी से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शनिवार सुबह से लेकर दोपहर तक लोग उमस व गर्मी के मारे बेहाल रहे। दोपहर बाद धीमी गति से हवा चली और आसमान में काले बादल उमड़ने लगे। करीब शाम चार बजे तक आसमान काली घटाओं से पट गया। आसमान में काली घटा छाने की वजह से पारा नीचे लुढ़कने लगा। शाम छह बजे के आसपास आसमान से पानी बरसने लगा। करीब आधे घंटे तक रुक रुक कर बारिश हुई। कभी तेज तो कभी धीमी गति से आसमान से पानी बरसा। बारिश आने की वजह से पारा आठ डिग्री नीचे लूढ़क गया। पारा नीचे आने के बाद लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली।

शाम को करीब छह बजे के आसपास आसमान से पानी बरसने लगा। कभी तेज बारिश तो कभी धीमी गति से बारिश हुई। धीमी गति से बारिश की वजह से एकबारगी तो शहर में जलभराव की स्थिति बनी,लेकिन ज्यादा पानी न बरसने के चलते कुछ ही देर बाद पानी निकल गया। बारिश होने से पारा लुढ़ककर आठ डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। पारा नीचे आते ही लोगों ने राहत की सांस ली। चूंकि पिछले कई दिनों से पारा 40 के आसपास पहुंच गया था,लेकिन हलकी बारिश के बाद पारा लूढक कर 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पारा नीचे आते ही उमस भी छू मंतर हो गई। शाम तक मौसम सुहावना बना हुआ था।



**भिवानी।** बारिश के बीच गुजरते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

### धान की रोपाई की बढ़ेगी गति, अनुकुल बना मौसम

शनिवार को हुई बारिश से धान की रोपाई में तेजी आ जाएगी। क्योंकि किसानों ने अपने खेतों की तैयारी पूरी कर रखी है। जैसे ही खेतों में नमी पर्याप्त होते ही किसान अपने खेतों में धान की रोपाई शुरू कर देंगे। आज शाम को जो बारिश हुई है। उससे किसानों के खेतों में पर्याप्त नमी बन गई। हालांकि अभी नहरों में पानी नहीं पहुंचा है,लेकिन आज जो बारिश हुई है। उससे धान की रोपाई में तेजी आना स्वाभाविक है। बारिश के बाद किसानों ने धान की रोपाई के लिए खेतों को तैयार करना शुरू कर दिया है।

### किसानों के खिले चेहरे

शनिवार शाम को हुई बारिश की वजह से किसानों के चेहरे खिल गए। चूंकि इस वक्त किसानों ने अपने खेतों में खरीफ की फसलों की बिजाई की हुई है। अब इन फसलों में सिंचाई की जरूरत थी। अब जो बारिश हुई है। उसने सिंचाई की जरूरत पूरी कर दी। इस समय हुई बारिश से कपास, ज्वार, बाजरे की फसल में फुटाव बढेगा और उसके बाद औसतन पैदावार में बढ़ौतरी होगी। क्योंकि इस वक्त फसलों में जितना फुटाव बनेगा। उतना ही फसलों में फायदा होगा।

### हल्की बारिश ने खोली सफाई की पोल, रोड पर जमा पानी



**बवानीखेड़ा।** कस्बे में हल्की फुल्की बारिश ने सफाई के सभी दावों की पोल खोलकर रख दी है। शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने स्थित शिव मंदिर के सामने रोड पर जोहडनुमा हालात पैदा हो गए और लोगों में भी रोष फैल गया। जहां प्रशासन सफाई के लिए दावे करता है और सफाई की सारी पोल खुल गई। वहीं दूसरी और सफाई कर्मचारी बारिश में भी सफाई करते हुए नजर आए। उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर हर बार बारिश के समय ऐसे हालात हो जाते है जिसको लेकर लोगों ने विभाग से इस टुकडे को उंचा उठाने के लिए आग्रह किया था और कुछ समय पहले विभाग द्वारा बनाए गए इस मार्ग में टुकडे को उंचा किया ,लेकिन फिर भी बारिश के समय यहां जोहड़ बन गया वहीं बारिश के समय भी सफाई कर्मचारी बारिश में काम करते हुए दिखाई दिए। इस बारे में नपा पटवारी एवं सफाई निरीक्षक संदीप कुमार ने



**भिवानी।** इंटर्नशिप का पत्र सौंपते सीबीएलयू के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# 2 छात्रों को प्रतिष्ठित चैनलों में इंटर्नशिप का अवसर

- विवि कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने दोनों होनहार बेटों को दी शुभकामनाएं
- मीडिया-कम्युनिकेशन स्टडीज विभाग के हैं दोनों छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी खेल शिक्षा एवं अनुसंधान के साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा के दम पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के मीडिया एवं कम्युनिकेशन स्टडीज विभाग के विद्यार्थी विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों एवं मीडिया चैनलों में कार्य कर रहे हैं और इंटर्नशिप कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया एवं कम्युनिकेशन स्टडीज विभाग के विद्यार्थी मोहित और मनीष को दो न्यूज चैनल में इंटर्नशिप का अवसर मिला है।

विवि की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने इन दोनों विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित मीडिया चैनलों में इंटर्नशिप का मौका मिलने पर मीडिया एवं कम्युनिकेशन स्टडीज विभाग और दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी है। इस की जानकारी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू मैदान ने दी। इन विद्यार्थियों को विभाग की ओर से इंटर्नशिप का पत्र सौंपा। इस अवसर पर मीडिया एवं कम्युनिकेशन स्टडीज विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ उमा शाह,जनसंपर्क एवं मीडिया प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया कि मीडिया एवं जनसंचार अध्ययन विभाग लगातार विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैनलों में भेज कर उनके विकास के लिए संकल्पित है।

# 12 को गरजेंगे प्राथमिक शिक्षक

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यालय पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर व संचालन जिला महासचिव सुमित शर्मा ने किया।

जिला प्रेस प्रवक्ता अनिल सांगवान बताया कि बैठक में सभी सदस्यों ने मिलकर अध्यापक, छात्र व स्कूल की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों की एसीपी नहीं लगी, जिसे तुरंत लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आठ सालों से प्राथमिक अध्यापकों के तबादले बंद है उन्हें अति शीघ्र किया जाए। स्थानांतरण में सभी अध्यापकों को सेवा अवधि का लाभ दिया जाए,सभी विद्यालयों में एक पूर्णकालिक सहायक कर्मचारी दिया जाए। विद्यालय में बन रहे मिड डे मील राशन में व्यंजनों को व्यवहारिक किया जाए तथा उनकी राशि बढ़ाई जाए। अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य जैसे उल्लास, बीएलओ तथा पीपीपी आदि बहुत से कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे कि स्कूल की व्यवस्था खराब होती है, इसलिए अध्यापकों से कोई भी गैरशिक्षण कार्य न करवाया जाए। अगर प्राथमिक अध्यापकों से अवकाश के दिनों में प्रशिक्षण या कोई अन्य गैर शिक्षण कार्य करवाया जाता है तो उसके बदले में उन्हें अर्जित अवकाश प्रदान किए जाएं।

जिला मुख्य सलाहकार नाहनू राम ने बताया कि शिक्षकों की चिकित्सा अवकाश बहाल करने तथा प्राथमिक विद्यालयों में जो वैज्ञानिकरण हो रहा है उसे 31 मार्च 2024 की छात्र संख्या के अनुसार किया जाए। सत्र 2019-23 की एलटीसी नहीं मिली है, वह तुरंत निकलवाई जाए।

# बहन की ससुराल में फायरिंग का आरोपी राजस्थान में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

चरखी दादरी जिले के गांव घसोला में अपनी बहन की ससुराल में अंधाधुंध फायरिंग कर एक व्यक्ति की हत्या व तीन लोगों को घायल कर भागे दिल्ली पुलिस के जवान को राजस्थान पुलिस ने चूरू जिले के एक गांव में काबू कर लिया है। रत्ननगर थाना इलाके के गांव खुडेरा बड़ा गांव में ग्रामीणों व पुलिस के घेरे में घिर जाने पर जवान ने मशीनगन से एक हवाई फायर भी किया लेकिन पुलिस ने जवान को गिरफ्तार कर उसके पास से एमपी-5 सब मशीन गन बरामद कर ली है। सूचना मिलने पर चरखी दादरी पुलिस ने राजस्थान पुलिस ने संपर्क साधते हुए उसे प्रोडेक्शन वारंट पर लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रोटेक्शन वारंट पर लाकर पुलिस आरोपी जवान साकेत शर्मा से कई मामलों को लेकर पूछताछ करेगी। बता दें कि दिल्ली पुलिस का जवान साकेत शर्मा पुत्र नरेन्द्र शर्मा गोपालवास निवासी दिल्ली में सातवीं बटालियन मालवीय नगर सीपीआर में पोस्टेड है। बहन की शादी से पहले बहनाई द्वारा सरकारी नौकरी लगने की झूठ से से खफा होकर पुलिस जवान ने दादरी के गांव घसोला पहुंचकर जीजा की हत्या करने की प्लानिंग बनाई थी। पुलिस के समक्ष आरोपी जवान ने बताया कि उसकी बहन को ससुराल पक्ष के लोग परेशान कर रहे थे। ऐसे में वह अपने बहनोई की हत्या करना चाह रहा था। उसने दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी के लिए शस्त्रागार से एमपी-5 हथियार व 35 गोलियां निकलवाई थी। वहीं से कैब बुक की और दादरी पहुंचा। कैब ड्राइवर को हथियार के बल से रोड पर छोड़कर बहन की ससुराल पहुंचकर करीब 34 राऊंड अंधाधुंध गोलिया चलाई और खेतों में बने एक मकान से बाइक चुराकर फरार हो गया था। फायरिंग में बहन के ससुर दादा छोटेलाल की मौत हो गई। वहीं ससुर सुरेंद्र, सास शकुंतला व देवर शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



- दादरी पुलिस आरोपी को जल्द प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी

### राजस्थान पुलिस ने किया गिरफ्तार

वहीं दादरी सदर थाना पुलिस प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि आरोपी पुलिस जवान को राजस्थान पुलिस ने काबू कर लिया है। दादरी पुलिस आगामी सोमवार या मंगलवार तक उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी और कई मामलों को लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस ने आरोपी जवान सहित कई अन्य के खिलाफ हत्या सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# ट्रैक्टर चालक के साथ हथियारबंद लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी, मामला दर्ज

- बौंद कलां थाना पुलिस ने तीन नामजद व तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

बौंदकलां में ट्रैक्टर चालक का रास्ता रोककर हथियारबंद बाइक सवार लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिसके आधार पर बीती रात बौंद कलां थाना पुलिस ने तीन नामजद व तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में बौंदकलां निवासी सुमित ने बताया कि वह अपना ट्रैक्टर लेकर रेत की ट्रॉली भरकर गांव साकरोड से गांव बौंदकलां कि तरफ आ रहा था रास्ते मे आधा दर्जन लोग बाइकों पर सवार होकर आए, जिन्होंने बाइक ट्रैक्टर के आगे लगा दी। ट्रैक्टर चालक ने बताया कि एक युवक हथियार लेकर ट्रैक्टर पर चढ़ गया और ट्रैक्टर बंद कर दिया और और उसके सिर पर बंदूक लगाकर जान से मारने के लिए धमकी दी। तथा एक युवक ने उसके दाएं पैर पर लोहे की राड से हमला कर दिया एक ने उस पर लाठी से हमला किया और तीन अन्य युवको ने उसे पीछे से पकड लिया और उसके साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता का आरोप है उक्त लोग जाते समय उसे जान से मारने की धमकी देकर गए है। बाद में एक जानकार व्यक्ति वहां पहुंचा और वह उसे बौंद कलां सीएचसी लेकर जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दियाग या। उसने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांव मिर्च निवासी व्यक्ति ने समाधान शिविर में रखा जमीन हड़पने का मामला, पुलिस ने दर्ज किया केस

**बाढ़ड़ा।** चरखी दादरी जिले के गांव मिर्च निवासी व्यक्ति ने समाधान शिविर में सरकार द्वारा मिली जमीन को धोखाधड़ी से हड़पने का मामला रखा था, जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तत्कालीन सरपंच सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को मिली जानकारी के अनसुार समाधान शिविर में चरखी दादरी उपायुक्त मनदीप कौर व एसपी के समक्ष गांव मिर्च निवासी रामचंद्र ने जमीन से हड़पने से संबंधित मामला रखा था। उसने बताया था कि सरकार द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति उत्थान के लिए नजूल लैंड नियम 1956 व संशोधित नियम 1976 के तहत दिसंबर 2014 में जमीन मिली थी। उक्त जमीन सिर्फ अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्यों को ही दी जाती है तथा अन्य किसी जाति को तब्दील नहीं की जा सकती। उसने आरोप लगाया था कि गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा अधिकारियों से मिलीभगत करके गैरकानूनी तरीके से उसके हिस्से की जमीन हड़प ली तथा जातिसूचक गालियां व जान से मारने व मरवाने की धमकी दी। उसने बताया कि पहले जब शिकायत दी तो एचसीएस अधिकारी द्वारा मामले की जांच करवाकर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। उसने बताया कि आदेश जारी करने के करीब तीन महिने बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उसने समाधान शिविर में शिकायत रखते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी जिसके आधार पर बौंद कलां थाना पुलिस ने गांव के तत्कालीन सरपंच व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भीष्म महता बने क्रेशर संगठन के नए प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

क्रेशर मालिक संगठन की बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अरविंद स्याहड़वा और चेयरमैन बनवारीलाल ने की। बैठक में पुराने यूनियन की कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें भीष्म महता को क्रेशर एसोसिएशन का प्रधान नियुक्ति किया। कृष्ण मलिक ने अपनी राजनीतिक व्यस्तता के चलते अपना यूनियन प्रधान का पद त्याग दिया है। बैठक में भीष्म मेहता को नया प्रधान चुनाव गया।भीष्म महता ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई हैं, उसे वह निष्ठा के साथ निभाएंगे। नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चेयरमैन बनवारी लाल, भीष्म मेहता व बागनवाला जोन से रमेश श्योराण, पिंजोखरा जोन से राजीव चुघ व डाडम जोन से जयपाल सिंह पानु को जिम्मेदारी सौंपी गई।



## शेष होमवर्क पूरा करने में जुटे विद्यार्थी

# छुट्टियां खत्मः नौनिहाल तैयार ,कल खुलेंगे स्कूलों के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भले आमजन सरकारी स्कूलों या सरकारी महकमों की छुट्टियां खतम होने पर राहत की सांस लेते है,लेकिन एक ऐसा तबका है। जो छुट्टियां खत्म होने के नाम पर उनका हलक सूखने लगता है।

ऐसे में अगर एक दो दिन की छुट्टियां बढ़ जाए तो उनके लिए सूखे में बारिश जैसा होता है। वह तबका स्कूली बच्चे हैं वे पूरी गर्मी ऐश व आराम करते है। जैसे ही स्कूल खुलने के दिन नजदीक आने लगते है तो वे स्कूल का बकाया होमवर्क आदि में जुट जाते है। जो स्कूली बच्चे टाइम टेबल बनाकर होमवर्क करने वाले बच्चों को कोई परेशानी नहीं,बल्कि कार्य से जी चुराने वाले बच्चें स्कूल खुलने को लेकर टेंशन में आ रहे है। क्योंकि अभी एक दिन की ही छुट्टियां बची है और उनका स्कूल का कार्य अधूरा पड़ा है। वे स्कूल के कार्य को पूरा करने में जुटे है। 30 जून को ग्रीष्मावकाश खतम हो रहे है। सोमवार को सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल खुल जाएंगे। जिसको लेकर शिक्षकों व स्कूल मुखियाओं ने आज ही तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को ही स्कूल प्रबंधक व मुखिया स्कूल में पहुंच रहे है। चूंकि सोमवार को स्कूल खुलेंगे तो उससे पहले स्कूलों की सफाई,पीने के पानी की व्यवस्था आदि करवानी होगी। इसके लिए रविवार को स्कूल मुखिया स्कूलों में पहुंचेंगे और सफाई कर्मचारियों से सफाई करवाएंगे। क्योंकि 30 दिनों के बाद सोमवार को स्कूल खुल जाएंगे।




### सरप्लस टीचरों को एडजस्ट करने की तैयारी

जैसे ही स्कूली छुटि्टयां खतम होने वाली है। उसी हिसाब से शिक्षा विभाग ने जिन स्कूलों में शिक्षक सरप्लस है। उन स्कूलों के शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेजना शुरू कर दिया,जहां पर शिक्षकों के रिक्त पद पड़े है। इस बारे में शिक्षा विभाग के निदेशालय से पत्र पहुंचने के बाद एडजेस्ट करने की तैयारी शुरू कर दी। संबंधित बीईओ ने जिन स्कूलों में शिक्षक सरप्लस है,उनकी सूची मांगनी आरंभ कर दी। साथ ही जिन स्कूलों में पद रिक्त है। उनकी भी सूचियां मंगवानी आरंभ कर दी है। ताकि एक ब्लाक से दूसरे ब्लाक में इन शिक्षकों को एडजेस्ट किया जा सके।

# झोझूकलां सीएचसी में घायल ने लगाए उपचार न करने के आरोप

- साथ आए युवक व स्टाफ के बीच हुई कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

झोझू कलां सीएचसी पहुंचे एक घायल ने उसका उपचार नहीं करने व एमएलआर नहीं काटने के आरोप लगाए हैं। इसको लेकर घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे युवक व स्टाफ के बीच कहासुनी भी हुई जिसका वीडियो भी सामने आया है। बता दें कि लड़ाई-झगड़े में लगी चोटों के कारण तिवाला निवासी दिनेश शनिवार को झोझूकलां सीएचसी पहुंचा था। घायल का आरोप है कि वह सुबह सवा आठ बजे अस्पताल पहुंचा था, लेकिन साढे 11 बजे तक ना ही उसका उपचार किया गया और ना ही उसकी एमएलआर काटी गई। वहीं इसी को लेकर घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे एक युवक व स्टाफ सदस्यों के साथ कहासुनी भी हुई जिसका वीडियो सामने आया है। घायल के साथ पहुंचे युवक ने बताया कि बार-बार कहने के बावजूद भी एमएलआर नहीं काटी गई । कभी लाइट नहीं होने की बात बोलकर तो कभी इंटरनेट बंद होने की बोलकर टालते रहे। युवक का आरोप है कि जब एमएलआर काटने के लिए बोला तो कहासुनी करने लगे और पुलिस बुलाकर अंदर करवाने की धमकी दी गई।



*अगर सिर्फ डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें, तो मल्टी-कैप फंड को इस मामले में बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि इसके पोर्टफोलियो में हर वक्त लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के शेयर शामिल रहते हैं। इसकी वजह से इसे रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है, लेकिन अगर आप फंड मैनेजर की समझदारी पर ज्यादा भरोसा करते हैं और निवेश के मामले में फ्लेक्सिबल एप्रोच यानी लचीलेपन को पसंद करते हैं, तो फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करना बेहतर रहेगा। आप फैसला कुछ भी करें, यह बात जरूर याद रखें कि इन दोनों ही कैटेगरी के फंड*

## म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को पहले कर लेना चाहिए तय

निवेश मंत्र

# निवेश के लिए क्या बेहतर फ्लेक्सीकैप यह मल्टीकैप

बिजनेस डेस्क

निवेश हर कोई करना चाहता है, लेकिन बाजार के उतार चढ़ाव से कई बार डर जाता है। ऐसे में निवेशक को पहले अपनी रिस्क क्षमता को देख लेना चाहिए। इसके बाद ही निवेश की दुनिया में कदम रखना चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को कई बार यह तय करने में उलझन होती है कि अपने पैसे फ्लेक्सी कैप फंड में लगाएं या मल्टी-कैप फंड में। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि दोनों ही तरह के फंड पहली नजर में एक जैसे ही लगते हैं, क्योंकि दोनों फंड्स के जरिए पूरे बाजार के अलग-अलग सेगमेंट के शेयरों में निवेश किया जाता है। इसलिए डायवर्सिफाइड फंड की तलाश कर रहे निवेशकों को इन दोनों ही तरह के फंड्स में से किसी एक का चुनाव करने में थोड़ा कनफ्यूजन होना आम बात है, लेकिन दोनों फंड एक जैसे लगने के बावजूद असल में पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं। किस निवेशक को इनमें से किस म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए, यह जानने के लिए दोनों फंड्स के अंतर को समझना जरूरी है। इसके बाद ही इन फंडों में निवेश करना चाहिए। दोनों फंडों की क्षमता, रिस्क और रिटर्न कई मायनों में काफी अलग होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कौन से फंड निवेश के लिए बेहतर माने जाते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड में फंड मैनेजर को किसी पाबंदी के बिना लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में आने वाले किसी भी स्टॉक में निवेश करने की पूरी छूट होती है। यह लचीलापन मैनेजर को बाजार की परिस्थितियों के आधार पर अपने हिसाब से अलग-अलग सेगमेंट और सेक्टर के शेयरों में फंड अलोकेट करने की इजाजत देता है। अगर फंड मैनेजर को लगता है कि लार्ज कैप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वे फंड का एक बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप स्टॉक में अलोकेट कर सकते हैं। इसी तरह, जरूरत पड़ने पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक में भी फंड अलोकेशन कम या ज्यादा कर सकते हैं।



### यह भी जान लीजिये

फ्लेक्सी कैप फंड्स की तुलना में मल्टी कैप फंड्स की संख्या काफी कम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ साल पहले सेबी ने मल्टी कैप फंड की परिभाषा में बदलाव करके फंड एलोकेशन को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप में बांटना जरूरी कर दिया, तो बहुत सारे फंड्स कैटेगरी बदलकर फ्लेक्सीकैप में चले गए। इन फंड्स ने ऐसा इसलिए किया, ताकि अपनी निवेश रणनीति में लचीलापन बनाए रखा जा सके।

मल्टी-कैप फंड

***मल्टी-कैप फंड के पूरे पोर्टफोलियो में, लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप तीनों सेगमेंट के शेयरों को शामिल करना जरूरी है। फंड मैनेजर को इनमें से हर सेगमेंट में हर वक्त कम से कम 25 फीसदी अलोकेशन बनाए रखना पड़ता है। यानी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में से हरेक में 25-25 फीसदी निवेश रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि मल्टी-कैप फंड में डायवर्सिफिकेशन का लेवल हमेशा बना रहे।***

### क्या दोनों फंडों में फर्क

मल्टीकैप फंड के पोर्टफोलियो में 25-25 फीसदी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक बनाए रखने की वजह से जो अनिवार्य डायवर्सिफिकेशन होता है, वही इसे फ्लेक्सी कैप फंड से अलग करने वाला सबसे बड़ा फर्क है। इस अनिवार्यता की वजह से मल्टीकैप फंड में लार्ज कैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप की मौजूदगी भी हमेशा ही बनी रहती है, जबकि फ्लेक्सीकैप फंड के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। फ्लेक्सीकैप फंड का मैनेजर चाहे तो पूरा इक्विटी निवेश सिर्फ लार्जकैप में भी कर सकता है या उसे लार्ज और मिडकैप में बांटकर स्मॉलकैप से दूर रहने का फैसला भी कर सकता है, लेकिन मल्टीकैप फंड के मैनेजर के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

### डायवर्सिफिकेशन भी जरूरी

डायवर्सिफिकेशन किसी भी निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही तरीके से किया गया डायवर्सिफिकेशन आपके पोर्टफोलियो के परफॉरमेंस को काफी बेहतर बना सकता है। म्यूचुअल फंड के मामले में मल्टी-कैप और फ्लेक्सी कैप दोनों फंड आपके निवेश को डायवर्सिफाई करने यानी उसमें विविधता लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। हमने ऊपर यह भी देखा कि डायवर्सिफिकेशन के लिहाज से दोनों फंड्स में क्या फर्क है। इसे देखते हुए ही आपको एक निवेशक के रूप में तय करना होगा कि आपके लिए कौन सा फंड बेहतर रहेगा।

### पिछला प्रदर्शन

मल्टी-कैप फंड और फ्लेक्सी कैप फंड के पिछले प्रदर्शन की तुलना करें तो पता चलता है कि दोनों कैटेगरी के फंड्स के औसत सालाना रिटर्न में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 10 फ्लेक्सी कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में 16.11 फीसदी से 21.88 फीसदी के बीच सालाना रिटर्न दिया है। पिछले 5 साल में इस कैटेगरी के टॉप 10 फंड्स का रिटर्न 19.96 फीसदी से 34.22 फीसदी के बीच रहा है। एएमएफआई की वेबसाइट के मुताबिक इस वक्त मल्टी कैप कैटेगरी में सिर्फ 6 ऐसे फंड हैं, जिनका पिछले 10 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध है और इस दौरान इन फंड्स ने 16.46 फीसदी से 22.79 फीसदी के बीच औसत सालाना रिटर्न दिया है। वहीं, जिन 8 मल्टी कैप फंड्स के पिछले 5 साल के प्रदर्शन का रिकॉर्ड एएमएफआई की वेबसाइट पर मौजूद है।




***कब डबल होंगे पैसे:** आपकी बचत के पैसे दोगुने कब होंगे इसकी गणना का एक आम नियम काफी प्रचलित है। ये नियम रूल 72 है। फाइनेंस में इसका खूब इस्तेमाल होता है। रूल 72 के जरिए आप यह जान सकते हैं कि आपके निवेश के पैसे कितने समय में दोगुने हो जाएंगे।*

# इस फॉर्मूले से करेंगे निवेश तो 7 साल 2 माह में डबल

**बिजनेस डेस्क।** अगर आप भी कम समय में करोड़पति बनना चाहते हैं या अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको भी यह नियम अपना लेना चाहिए। इससे आप आसानी से पैसा बटोर सकेंगे और कम समय में ही अच्छा खासा पैसा जुटा लेंगे। ज्यादातर जानकारों का कहना है कि अगर वजन कम करना है तो कम खाइए और ज्यादा व्यायाम कीजिए, पैसों का मामला भी कुछ ऐसे ही है। खर्च कम कीजिए और ज्यादा बचत कीजिए तो आपका पास अच्छा खासा बैंक बैलेंस होगा। रिटायरमेंट या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के लिए आप जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे। लक्ष्य के करीब आने तक आप उतने ही धनवान होंगे। इसके लिए सबसे सटीक फॉर्मूला है। रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में आपका पैसा डबल हो जाएगा। यही नहीं अगर पैसे को इन्वेस्ट रखा जाए तो तीन गुना या फिर चार गुना भी बढ़ाया जा सकता है।

### कम्पाउंड इंट्रस्ट करेगा हेल्प

आपको सिर्फ अपनी बचत की निरंतरता बनाए रखनी है और बाकी का काम चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंड इंट्रस्ट) समय के साथ करता रहेगा। चक्रवृद्धि का फायदा लॉन्ग टर्म में देखते ही बनता है और यह लंबी अवधि में आपको करोड़पति बनाने में भरपूर काम करता है। इसलिए जब भी निवेश की गाड़ी स्टार्ट करें, निवेश का लंबा लक्ष्य रखें, मसलन बच्चों की शादी, शिक्षा या फिर रिटायरमेंट प्लानिंग। ऐसे लक्ष्य लेकश्लंबी अवधि के लिए निवेश शुरू करेंगे तो आप आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और अच्छा खासा रिटर्न प्राप्त कर लेंगे और देखते ही देखते अपने सभी गोल पूरे कर सकेंगे।



### कम्पाउंड इंट्रस्ट कैसे करता है काम

अब जानकारी लेते हैं कि आखिर यह कम्पाउंड इंट्रस्ट काम कैसे करता है। यानी यह आपको अमीर बनाने की क्षमता कैसे रखता है। मान लीजिए आप 100 रुपये कहीं जमा करते हैं और उस पर सालाना 10% का ब्याज मिलता है। एक साल बाद आपके पास 110 रुपये होंगे। अगले वर्ष चक्रवृद्धि के कारण आपको 110 रुपये पर 10% का ब्याज मिलेगा और आपके पैसे बढ़ कर 121 रुपये हो जाएंगे। फिर अगले वर्ष 121 रुपये पर 10% ब्याज प्राप्त होगा।

- पैसा बढ़ाने का सबसे सटीक नियम, करें अप्लाई
- यह नियम आपको जल्द बना सकता है करोड़पति

- रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में कैस डबल होंगे

- नेशनल पेंशन सिस्टम बुढ़ापे के लिए बढ़िया विकल्प
- 18 साल से 70 साल की उम्र का नागरिक खुलवा सकता है

# एनपीएस को 5 साल कर दें एक्सटेंड 50% से ज्यादा बढ़ेगी मंथली पेंशन

बिजनेस डेस्क

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) केंद्र सरकार की एक पेंशन योजना है, जिसमें रिटायरमेंट को ध्यान में रखकर निवेश किया जा सकता है। यह बुढ़ापे लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। नेशनल पेंशन सिस्टम में कोई भी 18 साल से 70 साल की उम्र का भारतीय नागरिक (सरकारी कर्मचारी या निजी सेक्टर का कर्मचारी) अकाउंट खुलवा सकता है। एनआरआई भी इसके लिए योग्य हैं। अकाउंट खुलने के बाद 60 साल की उम्र तक या मैच्योरिटी तक यानी 70 साल तक इसमें कंट्रीब्यूट करना होता है। अगर एनपीएस की रिटर्न हिस्ट्री देखें तो अब तक इसने 8% से 12% सालाना रिटर्न दिया है। आमतौर पर एनपीएस में 60 की उम्र होने तक लक्ष्य बनाकर निवेश करने का ट्रेंड है, लेकिन अगर इसे 5 साल के लिए और एक्सटेंड कर दें तो मंथली पेंशन में 50 फीसदी से ज्यादा इजाफा हो सकता है। वहीं, अगर अकाउंट को 10 साल के लिए एक्सटेंड कर दिया जाए तो मंथली पेंशन में 130 फीसदी का इजाफा होगा. वहीं दोनों ही केस में रिटायरमेंट पर मिलने वाली लम्प सम रकम भी बढ़ जाएगी। हालांकि यह ध्यान रखना होगा कि 60 साल की उम्र के बाद कुछ इनकम का जरिया हो, जिससे आपको इस योजना को एक्सटेंड करने की सुविधा मिल जाए।

### सेवानिवृत्ति के बाद ठाठ से कटेगा बुढ़ापा, नहीं होगी परेशानी

## 10 साल एक्सटेंड कराने पर पेंशन 130% बढ़ी


कैलकुलेशन से पता चलता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम में अगर 60 साल की बजाए 70 साल की उम्र तक निवेश जारी रखें तो मंथली पेंशन में करीब 130 फीसदी का इजाफा (76,973 रुपये से बढ़कर 1,76,990 रुपये) हो रहा है।



### एनपीएस पर टैक्स बेनेफिट

एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तीन अलग-अलग सेक्शंस के तहत टैक्स बेनेफिट मिलता है। सेक्शन 80सीसीडी 1) के तहत एक फाइनेंशियल ईयर में इसमें 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर डिडक्शन बेनेफिट मिलता है। यह डिडक्शन, सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की ओवरऑल लिमिट में आता है। एनपीएस पर सेक्शन 80सी डिडक्शन के ऊपर भी अतिरिक्त टैक्स छूट का फायदा मिलता है। यह एडिशनल डिडक्शन सेक्शन 80सीसीडी (1बी) के तहत 50,000 रुपये तक मिलता है। कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस के टियर-1 अकाउंट्स में निवेश करके 50,000 रुपये तक एडिशनल डिडक्शन का फायदा ले सकता है। इस तरह कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस में इनवेस्ट करके एक फाइनेंशियल ईयर में 2 लाख रुपये के ओवरऑल टैक्स बेनेफिट को क्लेम कर सकता है। 2 लाख रुपये की लिमिट के ऊपर एंप्लॉयर की तरफ से किए गए किसी कंट्रीब्यूशन पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सीसीडी(2) के तहत डिडक्शन का फायदा मिलेगा।






### 60 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 35 साल में कुल निवेश: 42 लाख
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 35 साल पर कुल कॉर्पस: 2,30,91,751 रुपये (2.31 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 76,973 रुपये (करीब 77 हजार रुपये)

### 65 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 40 साल में कुल निवेश: 48 लाख रुपये
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 40 साल पर कुल कॉर्पस: 3,03,42,813 रुपये (3 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी

### 70 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 45 साल
- 45 साल में कुल निवेश: 54 लाख रुपए
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 45 साल पर कुल कॉर्पस: 5,30,97,035 रुपये (5.30 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 1,76,990 रुपये (1.77 लाख रुपये)

*अगर आपके पास 20 साल का वक्त है तो आपको एक करोड़ जुटाने के लिए हर महीने केवल 10,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह अगर आप 25 साल के लिए निवेश करते हैं, तो मासिक निवेश राशि घटकर 5,880 रुपये हो जाती है। जैसे-जैसे आपकी निवेश अवधि बढ़ती है, आपको कम रकम निवेश करनी पड़ती है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न मिलता है तो एक करोड़ रुपये तक पहुंचने में कम समय लगेगा।*

### कैसे बनेंगे करोड़पति

# हर महीने कितना करना होगा निवेश



**क्या कहते हैं आंकड़े**

| वार्षिक रिटर्न | अवधि (वर्ष) | एसआईपी राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 12% | 10 | 44,640 |
| 12% | 15 | 21,020 |
| 12% | 20 | 10,880 |

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनना हर किसी का सपना होता है। लेकिन, इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए सही निवेश करना बहुत जरूरी है। इक्विटी म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है जो आपको एक करोड़ रुपये के सपने को पूरा करने में मदद कर सकता है। अगला सवाल यह उठता है कि आपको कितना निवेश कितने समय के लिए करना होगा। यह ध्यान रखें कि आप कहीं भी निवेश करें, रातोंरात करोड़पति नहीं बन जाएंगे। इसमें समय लगेगा। इसके लिए आपको अनुशासन की जरूरत होगी। आपको नियमित रूप से निवेश करना होगा। नियमित रूप से अनुशासित निवेश करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को चुनना। यह न केवल एकमुश्त बड़ी रकम बनाने में मदद करता है, बल्कि आपको छोटी शुरुआत करने और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की इजाजत भी देता है। यहां तक कि अगर आप 1,000 रुपये के मासिक निवेश के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू करते हैं तो आप 10 सालों में 2.2 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। यह मानते हुए कि आपको 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एसआईपी में एक छोटा सा निवेश भी लंबी अवधि में आपके धन को जबर्दस्त तरीके से बढ़ा सकता है।

### इन बातों पर करता है निर्भर

आपको हर महीने कितना निवेश करने की जरूरत है यह तीन प्रमुख बातों पर निर्भर करेगा- रिटर्न, समयसीमा और जोखिम उठाने की क्षमता। रिटर्न जो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड से मिलेगा। आपके निवेश की समयसीमा वह समय होगा, जिसके भीतर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं। वहीं, जोखिम उठाने की क्षमता से मतलब यह है कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं। चूंकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में डेट निवेश की तुलना में अधिक जोखिम होता है, इसलिए यह लंबी अवधि के निवेश के लिए सही है। यह और भी बेहतर है कि अगर आप कम से कम सात साल के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करें। आप जितने लंबे समय तक निवेश को बनाए रहेंगे, अस्थिरता का जोखिम उतना ही कम होगा।

### कितना निवेश करें

मान लेते हैं कि आपको अपने म्यूचुअल फंड निवेश से 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। इसके आधार पर हम कैलकुलेशन करेंगे कि 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल में 1 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने कितना निवेश करना होगा। याद रखें कि म्यूचुअल फंड से रिटर्न के बारे में कोई गारंटी नहीं है। पिछले रिटर्न का इस्तेमाल सिर्फ रेफरेंस में किया जाता है ताकि यह कैलकुलेट किया जा सके कि आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। 10 साल में म्यूचुअल फंड निवेश (वार्षिक रिटर्न 12%) से 1 करोड़ कमाने के लिए आपको इस पूरी अवधि के दौरान हर महीने 44,640 रुपये का निवेश करना होगा। अगर आप इंवेस्टमेंट हॉरिजन को पांच साल और बढ़ाकर 15 साल कर सकते हैं तो आपको एक महीने में 21,020 का निवेश करना होगा। अगर आप पांच साल और प्रतीक्षा कर सकते हैं तो आपका मासिक निवेश काफी कम हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### लाभार्थियों को अनुदान वितरण कार्यक्रम आज

**भिवानी।** पंचायत भवन में 30 जून को नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण व डॉ बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण के जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ की गरिमामई उपस्थिती रहेगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा। एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि 30 जून को दोपहर बाद दो बजे आयोजित होने वाले अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को अनुदान वितरण कार्यक्रम में वित्त मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्यातिथि तथा भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### प्रजापत समाज की वार्षिक मीटिंग आज

**नांगल चौधरी।** नांगल कालिया में प्रजापत समाज की वार्षिक मीटिंग 30 जून को प्रधान जोगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें सालभर का लेखाजोखा प्रस्तुत करने के बाद मेधावी छात्र सम्मान समारोह की रूपरेखा बनाई जाएगी। संस्था ने समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने के लिए गांव वाइज कमेटी बनाई है। जिसके प्रयासों की बदोलत शिक्षा का प्रसार संभव हो पाया है तथा सामाजिक कायोंर् में रूझान बढ़ा है। इस साल मेधावी विद्यार्थियों को सममानित करने का निर्णय लिया है। जिसकी तैयारियों को लेकर मीटिंग में मंथन किया जाएगा। इस साल संगठन का कार्यकाल भी पूरा हो जाएगा, चुनावी प्रक्रिया पर भी चर्चा की जाएगी।

### गोशाला में श्रीराम कथा एवं दुर्लभ सत्संग 4 से

**सतनाली मंडी।** श्री बांके बिहारी गोशाला जड़वा में ब्रह्मचारी आनंद महाराज के सानिध्य में चार जुलाई से सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम के तहत गोशाला परिसर में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत चार जुलाई को सुबह पांच बजे से प्रार्थना एवं प्रवचन एवं प्रभात फेरी, दोपहर एक बजे भजन संकीर्तन एवं उसके उपरांत कथा व्यास किशन महाराज के सान्निध्य में 3:30 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद ब्रह्मचारी आनंद महाराज के सान्निध्य में सायं 3:30 से 4:30 बजे तक दुर्लभ सत्संग, रात्रि आठ बजे से भजन संकीर्तन एवं भक्तों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर कार्यक्त्रम आयोजित किया जाएगा।

### विवाहिता बच्ची को लेकर अचानक हुई लापता

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के एक गांव से एक विवाहित महिला अपनी बेटी के साथ घर से अचानक लापता हो गई है। पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता के पति ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 27 जून को जब वह शाम को काम से वापस अपने घर आया। तब उसने देखा कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी व एक साल की बेटी उसे घर पर नहीं मिली। उसने आसपास में पता किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला।

### बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की आमसभा आज

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की आमसभा 30 जून को बाबा खेतानाथ मंदिर में आयोजित की जाएगी। सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि बैठक में बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की कार्यकारिणी गठित कर नए सदस्यों को शामिल कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पुण्य स्मृति में रक्तदान कैंप कल

**नारनौल।** शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप और किशन लाल शिक्षा एवं जन कल्याण समिति की ओर से स्व. किशनलाल यादव की 35वीं पुण्य स्मृति में एक जुलाई को रेडक्रॉस सोसायटी भवन 14वां रक्तदान शिविर लगेगा।

---

25 गांवों में लगाए 625 पौधे और देखभाल की जिम्मेदारी भी उठाई

# मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने चलाया महापौधरोपण अभियान

### महापौधरोपण अभियान से गांव रानिला में रोपित किए जाएंगे 1400 पौधें: साहु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। पौधरोपण करते मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन के सदस्य।

एक रिपोर्ट के अनुसार पृथ्वी की औसत सतह का तापमान वर्ष 2030 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा, ये बढ़ोत्तरी पूर्वानुमान से एक दशक पहले ही हो जाएगी। इसके साथ-साथ सदी के अंत तक समुंद्र का जलस्तर लगभग दो मीटर तक बढ़ जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि ग्लोबल वार्मिंग तेज हो रही है और इसके लिए साफ तौर पर मानव जाति ही जिम्मेदार है, ऐसे में बढ़ते पर्यावरण को नियंत्रित करने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक जन को पौधरोपण मुहिम में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

इसी उद्देश्य के साथ संगठन के युवा विंग के अध्यक्ष अनिल साहु के नेतृत्व में शनिवार को महापौधरोपण अभियान चलाया, जिसके तहत चरखी दादरी जिले के बौंदकला, बौंद खुर्द, रणकौली, ऊण, निमड़ी, मालपोस, सांजरवास फौगाट, सांकरोड़, लांबा कोहलावास, मिसरी, जयश्री, कमोद, मिर्च, सौफ कांसनी, रावलधी, झिंझर, खातीवास, अचीना, पिगौवा, बास, सांवड़, हिंडौल, समसपुर, भागेश्वरी, लौहरवाड़ा में पौधारोपण अभियान चलाते हुए सभी 25 गांवों में 25-25 (625) पौधों का रोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। साहु ने बताया कि जिन भी गांवों में पौधों का रोपण किया गया,वहां पौधरोपित करने वाले व्यक्ति को ही उसके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि पौधों को पेड़ बनाया जा सकें। इस मानसून सीजन में संगठन द्वारा जिले में एक लाख पौधें रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। ये भी सुनिश्चित किया जाएगा कि रोपित किए पौधें पेड़ बन सकें। वहीं महापौधरोपण अभियान के तहत 30 जून को रानिला में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत 1400 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएफओ नवल किशोर व अध्यक्षता रेंजर ऑफिसर हेमंत पारिक, सरपंच संजीत करेंगे। इस अवसर पर सरपंच नरेश, डॉ. नरेंद्र, डॉ. पवन, सुमन, नवीन योगी, प्रवीण योगी, मैनपाल, सरपंच प्रेमपाल, सरपंच अजीत, संदीप सांगवान, सूबेदार मेजर जगबीर, सुनील मोठसरा, डॉ. रोबिन, सुदर्शन सरपंच, अजीत फौजी, सरपंच संजय, राजेश फौगाट पूर्व सरपंच, पूर्व प्रधान जगदीश सरपंच, ललित परमार, विनोद सरपंच, विनोद पूर्व सरपंच, नरेश कोच, डॉ. नरेश आदि मौजूद रहे।


भिवानी। पौधरोपण करते राहुल शर्मा। फोटो :हरिभूमि

## एक पेड़ मां के नाम अभियान चला भाजपा ने रोपित किए 11 पौधें

**भिवानी।** दिनो दिन प्रदूषण स्तर काफी बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण के चलते सर्दियों में तो सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है, ऐसे में अधिक से अधिक पौधें रोपित करके ही बढ़ते प्रदूषण से बचा जा सकता है। इसी सोच के साथ भारतीय जनता पार्टी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की है, जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर न केवल पौधरोपण किया, बल्कि रोपित पौधों के पेड़ बनने तक देखभाल की जिम्मेदारी भी उठाई गई। इसी कड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने शनिवार को दिनोद गेट स्थित मूलचंद झील के नजदीक पौधरोपण अभियान चलाया। भाजपा नेता राहुल शर्मा व उनकी धर्मपत्नी किरण शर्मा ने अपनी माता हेमलता शर्मा के साथ 11 पौधों का रोपण किया। राहुल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी-अपनी माता के नाम से एक पौधा रोपित कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लें। इस अभियान के तहत रोपित पौधें न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी साबित होंगे, बल्कि माताओं के प्रति सम्मान एवं प्रेम प्रकट करने का एक सुंदर तरीका है। इस अवसर पर चंदा गुप्ता, अमित राठौड़, शुभम तंवर, रमन सैन, संजय सिंगला, शालू अरोड़ा, राकेश मिश्रा, डॉ. खासा, पवन चौहान आदि मौजूद रहे।


भिवानी। पौधरोपण करते राज्य मंत्री संजय सिंह, महंत चरणदास व अन्य।

## पर्यावरण संबंधी दुष्प्रभावों से निजात पाने को पौधरोपण जरूरी: राज्यमंत्री

■ हनुमान जोहड़ी मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पर्यावरण असंतुलन के कारण मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है, जिसके दुष्परिणाम आज प्रत्येक जन को भुगतने पड़ रहे है, ऐसे में भविष्य में पर्यावरण संबंधी दुष्प्रभावों से निजात पाने के लिए प्रत्येकजन को चाहिए कि वह मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण करें, क्योंकि मानसून का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे अनुकूल होता है।

ये बात पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेलराज्य मंत्री संजय सिंह ने युवा जागृति जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा मानसून सीजन के तहत चलाए गए महापौधरोपण अभियान का आगाज हनुमान जोहड़ी मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में पौधरोपण करते हुए कही। राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक जन की जिम्मेदारी बनती है, हर कोई अपने व्यस्त जीवन में एक घंटा निकालकर पर्यावरण संरक्षण का कार्य करें तो कोई भी ऐसा स्थल नहीं बचेगा, जहां हरियाली नहीं आएगी। महंत चरणदास ने कहा कि युवा जागृति जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने शहर को हरा-भरा बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत मानसून सीजन में पांच लाख पौधें रोपित करने का लक्ष्य रखा है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर पुजारी ध्यानदास महाराज, रमेश सैनी, विजय शर्मा, विजय सिंहमार, सुनील शर्मा, हरीश कोच, मोनिया सैनी, बबल जांगड़ा, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# सोशल मीडिया की राजनीति में अहम भूमिका: रामकिशन फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। सोशल मीडिया टीम के सदस्यों को संबोधित करते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी।

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामकिशन फौजी ने कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया की राजनीति में अहम भूमिका है। सोशल मीडिया युवा वर्ग को अपनी ओर खिंचता है। जिस पार्टी में यादा युवाओं की भागीदारी होगी। वह पार्टी ही मजबूत होगी।

उन्होंने सोशल मीडिया टीम को कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया। ताकि लोग कांग्रेस की नीतियों से रूबरू हो सके और भाजपा की जनविरोधी नीतियों की पोल खुल सके। वे आज अपने आवास पर सोशल मीडिया की टीम के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से युवा वर्ग ही नहीं गृहणि, व्यापारी, किसान, मजदूर व कर्मचारी वर्ग बेहद परेशान है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटकी है।

हरियाणा में दो महीने बाद इलेक्शन है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती है तो युवाओं को रोजगार,गृहणियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 6000 रुपये बुढापा पेंशन, पीपीपी को खत्म करना, एससी व बीसी के खाली पदों को भरना के अलावा अनेक जनहित के कार्य किए जाएंगे।

# दो दुकानों पर चला बुलडोजर

■ शहर दादरी में बाल्मीकि बस्ती में अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई थी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


बाल्मीकि बस्ती में अवैध रुप से सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई 2 दुकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

जिला पुलिस ने प्रशासन के सहयोग से अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर पर कब्जा कर बनाई गई बिल्डिंग पर पीला पंजा चलाना शुरू कर दिया है । जिला पुलिस प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से शहर दादरी में बाल्मीकि बस्ती में अवैध रुप से सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई 2 दुकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विनोद शंकर डीएसपी ने बताया कि पुलिस की और से नशा तस्करों पर शिंकजा कसने के लिए यह कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी नशा तस्करों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कडा एक्सन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों व उन्हें सरंक्षण देने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। शुक्रवार को ड्युटी मजिस्ट्रेट डॉ. सुभाष कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया की अजय झझरी पर 8 अपराधिक मामले व बालकिशन उर्फ बाला पर 5 अपराधिक मामले दर्ज हैं। उप पुलिस अधीक्षक चरखी दादरी विनोद शंकर ने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी आपराधिक तत्व की बेनामी संपत्ति के बारे में जानकारी है तो वह तुरंत अपने संबंधित थाना प्रबंधक को इसकी सूचना दे सकता है, उसका नाम गुप्त रखा जाएगा।

---

# पूर्ण बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। एकत्रित लोगों को संबोधित करते सतबीर रतेरा।

कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पुरी तरह तैयार है और इस बार पूर्ण बहुमत के साथ वह प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। ये बात कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा ने गांव सिकंदरपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। जनसभा में पहुंचने पर मास्टर सतबीर रतेरा का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

इस मान.सम्मान के लिए गांववासियों का आभार व्यक्त करते हुए मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि हलके की जनता आज जो समर्थन और आशीर्वाद उन्हें दे रही है, वह आजीवन उनके कर्जदार रहेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो इस कर्ज को बवानीखेड़ा के विकास व जनता की सेवा के रूप में उतारते रहेंगे।

मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि वो आज हलके की जनता के बीच राजनेता नहीं बल्कि सेवक बनकर आए है और सिर्फ जनता की सेवा को ही अपना ध्येय मानकर अगले चुनाव में भागीदारी की जाएगी। सतबीर रतेरा ने कांग्रेस के संकल्प दोहराते हुए कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान व सांसद चौ. दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को देश में सबसे ज्यादा 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम, किसान को एमएसपी गारंटी, शहीद किसानों के परिवार में एक सरकारी नौकरी देंगे।

# साढ़े 26 करोड़ रुपये में होंगी 50 गांवों की फिरनियां पक्की : मंत्री

■ चैहड़ खुर्द के लिए 43.33 लाख रुपये मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू/बहल

लोहारू विधानसभा क्षेत्र के 50 गांवो की फिरनियों को पक्का करने के लिए 26 करोड़ 48 लाख रुपए स्वीकृत किए है। शीघ्र ही इन गांवों में फि रनियों को पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने दी। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्त मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि 50 गावों की फिरनियों को पक्का करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 26.48 करोड़ की राशि मंजूर की है। उन्होंने बताया कि गांव बैराण की फिरनी को पक्का करने के लिए 11.61 लाख, बिधनोई गांव की फिरनी के लिए 16.35, बुढ़ेड़ी के लिए 22.36 लाख, चैहड़ खुर्द के लिए 43.33 लाख, गोपालवास के लिए 52.93 लाख, कासनी कलां के लिए 13.25 लाख, नांगल के लिए 22.54 लाख, ओबरा के लिए 31.72 लाख, पातवान के लिए 141.67 लाख, सोरड़ा कदीम के लिए 42.44 लाख, सोरड़ा जदीद के लिए 19.25 लाख, सूरपुरा कलां के लिए 91.97 लाख की राशि फिरनी को पक्का करने के लिए स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि गांव सूरपुरा खुर्द की फिरनी को पक्का करने के लिए 41.09 लाख, अलाऊदीनपुर भुंगला के लिए 37.27 लाख, बरालू के लिए 54.65 लाख, बारवास के लिए 53.86 लाख, बास कुडल के लिए 95.71 लाख, बिसलवास के लिए 32.51 लाख, दमकोरा के लिए 72.03 लाख, ढाणा जोगी के लिए 30.84 लाख, ढाणी ढोला के लिए 32.24 लाख रुपये खर्च होंगे।

---

# नौकरी के नाम पर युवाओं को किया गुमहरा : धनखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। अनिल धनखड़ का स्वागत करते ग्रामीण।

प्रदेश में जब भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम की घोषणाएं की थी। हकीकत में दोनों दलों ने युवाओं को ठगने का काम किया है। दोनों पार्टी के नेता एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, ये बात कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने गांव फतेहगढ़ के ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कही। धनखड़ ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने प्रदेश के प्राइवेट सेक्टर में हरियाणा के 75 प्रतिशत युवाओं को नौकरी देने का वायदा कर उन्हें गुमराह करने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की अल्पमत वाली सरकार के पास मात्र दो माह का समय बचा है और वह 50 हजार फर्जी का शिगुफा छेड़कर जनता को गुमराह कर रही है। सरकार कैसे नौकरी दे सकती है, जबकि उसके द्वारा संचालित परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं, परीक्षा होती है तो साक्षात्कार में भेदभाव होता है, कोर्ट में जाकर सरकार को नीचा देखना पड़ता है। युवाओं को रोजगार देने के मामले में भाजपा सरकार की नीयत साफ नहीं हैं, रोजगार देने के नाम पर सरकार केवल झूठ बोलती है। सरकार की अनदेखी से नौकरियों में आर्थिक आधार पर पांच प्रतिशत आरक्षण के नाम पर 23 हजार नौकरियां खतरे में पड़ गई है।

इस दौरान उनके साथ सुमित सरपंच, नरेन्द्र पूर्व सरपंच, सूबेदार मेजर कपूर सिंह, परमजीत सांगवान, राजेन्द्र डुडी, राजेश, उमेद आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** संशोधित नए कानून एक जुलाई से होंगे लागू

# थाना प्रभारी ने नए कानून के बारे में लोगों को किया जागरूक

*थाना प्रभारी ने सरपंचों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की ली बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


सरपंचों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों को नए कानून की जानकारी देते थाना प्रभारी शिवकुमार।

आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले संशोधित नए कानून को लेकर तोशाम थाना परिसर में थाना प्रभारी शिवकुमार ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न सरपंचों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर उन्हें जागरूक किया और नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। थाना प्रभारी शिवकुमार ने कहा कि देशभर में 1 जुलाई से लागू हो रहे नए कानून केवल दंड नहीं न्याय आधारित होंगे। उन्होंने बताया कि पहले आईपीसी की धाराएं 513 थी, लेकिन अब संशोधन करने के बाद 358 कर दी गई है, जो अंग्रेजों के समय से कानून चले आ रहे थे, उनमें कुछ त्रुटियां थी, उन्हें संशोधित करके 2023 में नए कानून बनाए है, जिसे 1 जुलाई से लागू किया जा रहा है। इस संबंध में सरपंचों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की तोशाम थाना परिसर में बैठक बुलाकर कानून के बारे में जागरूक किया और विचार-विमर्श किया। थाना प्रभारी ने बताया कि नए कानून में ये भी लागू किया कि 1 जुलाई के बाद जब भी पुलिस किसी भी केस में नई तफतिश करेगी तो रिकवरी, अरेस्ट, बरामदगी की वीडियोग्राफी की जाएगी तथा गांवों के दो स्वतंत्र गवाह साथ लेकर उनके सामने पूर्ण कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई वीरेंद्र सिंह, बीडीसी चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोनू पंघाल, तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, सरपंच पवन छपारिया, भाजपा नेता टोनी बराला, एडवोकेट अमित अलखपुरा, कुलदीप मनसरबास, सरपंच वीरेंद्र, सुनील शर्मा, मास्टर संजय पहीवाल, विजय तंवर, सरपंच अभय अलखपुरा, प्रदीप आदि मौजूद थे।

**एफआईआर से पहले 14 दिन के**

थाना प्रभारी ने बताया कि तीन से सात वर्ष से कम की सजा वाले अपराध में थाना अध्यक्ष, डीएसपी व वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति लेकर एफआईआर दर्ज करने से पहले 14 दिन के अंदर प्रारंभिक जांच कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### साइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, बरामद

**हिसार।** एचएयू चौकी पुलिस ने यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित क्वार्टर से साइकिल चोरी के मामले में गांव धीरनवास खुर्द निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई बलवंत सिंह ने बताया कि एचएयू के ओल्ड कैंपस निवासी प्रवीण कुमार ने 26 जून को ओल्ड कैंपस से साइकिल चोरी की शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उससे साइकिल बरामद कर ली। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### शास्त्री नगर में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए व सिविल लाइन थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने शास्त्री नगर निवासी जगदीश हत्या मामले में आरोपी मीरपुर निवासी राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कविता ने बताया कि 28 जून को थाना सिविल लाइन में फोन पर सेक्टर 15 हिसार में टीवीएस एजेंसी के पास जगदीश हुई थी। जांच के बाद पुलिस राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया। जिसने बताया कि पुराने विवाद के चलते सिर में पत्थर से वार कर उसकी हत्या की थी। उसे कोर्ट से दिन के रिमांड पर लिया है।

### सुमन बने विप्र फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक

**हांसी।** हांसी नप के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सुमन शर्मा को राष्ट्रीय विप्र फाउंडेशन हरियाणा का संरक्षक नियुक्त किया गया है। विप्र फाउंडेशन का संरक्षक नियुक्त किया गया है। जिसके लिए उन्होंने हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ सहित प्रदेश कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार भी जताया।

### एक उद्घघोषित अपराधी किया गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस द्वारा जिला भर में उद्घघोषित अपराधी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने उद्घघोषित अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुलचानी निवासी सुनील के रुप में हुई। पकड़े गए आरोपी को नारनौंद थाना में दर्ज एक मामले में अदालत द्वारा उद्घघोषित अपराधी करार दिया हुआ था।

# शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और नई शिक्षा नीति के साथ नए समय की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनें : डॉ. अनिता

## जी लिट्रा वैली स्कूल में सक्रिय शिक्षण पद्धति पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जी-लिट्रा वैली विद्यालय में सक्रिय प्रशिक्षण पद्धति पर आधारित क्षमता संवर्धन कार्यशाला हुई, जिसमें डीब्ल्यूपीएस की प्राचार्या डॉ. अनिता शर्मा व एमएसडी स्कूल फतेहाबाद की प्राचार्या निवेदिता प्रशिक्षण देने के लिए विद्यालय में मुख्यरूप से उपस्थित हुई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन यादव व प्रशिक्षकों ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में जी लिट्रा व विभिन्न स्कूलों से लगभग 60 शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### अलग-अलग स्कूलों से लगभग 60 शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

**सक्रिय शिक्षण पर फोकस रखें**

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सक्रिय शिक्षण रणनीतियों से अवगत करवाना, विद्यार्थियों को कौशल विकास में उपयोगी बनाना रहा। कार्यशाला में बताया गया कि गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों को सोचने, चर्चा करने और सृजन करके स्वंय सीखने की प्रवृति उत्पन्न करना है, ऐसा शिक्षण बच्चों को स्वतंत्र जांच और समस्या समाधान जैसी व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से अपने स्वंय के अनुभव में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। सक्रिय शिक्षण का उद्देश्य छात्रों की रूचि, प्रेरणा को बढ़ाना, छात्रों की आलोचनात्मक सोच, समस्या -समाधान और सामाजिक कौशल का निर्माण करना है। कार्यशाला के समापन पर प्राचार्या ने प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर आभार व्यक्त किया।




**भिवानी।** जी लिट्रा वैली स्कूल में सक्रिय शिक्षण पद्धति पर कार्यशाला में शामिल शिक्षक शिक्षिकाएं।

**हमारी भविष्य निधि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखतीः** उन्होंने बताया कि जी लिट्रा वैली विद्यालय में हर वर्ष इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है,जिसका उद्देश्य हमारी भविष्य निधि हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखना है। शिक्षक नई शिक्षा नीति के अनुसार अच्छी से अच्छी शिक्षा बच्चों को दे पाए ताकि नई शिक्षा नीति के साथ नए समय की चुनौतियों का भी सामना कर सकें व अपने जीवन को अधिक बेहतर बना सके।

**नई शिक्षा नीति खुशहाल एवं तनाव रहित शिक्षा का करती समर्थनः** उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति खुशहाल व तनाव रहित शिक्षा का समर्थन करती है। विद्यालय प्रबंधक समिति का जी लिट्रा वैली के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं की ओर से धन्यवाद।

## लोहारू में क्षमता निर्माण कार्यशाला संपन्न




**लोहारू।** राजकीय पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई। समापन कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। कार्यशाला में अनेक विद्यालयों के स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। बीईओ विजय प्रभा ने कहा कि ये कार्यशालाएं प्रशिक्षणार्थियों को सोच और समझ में नवीनताओं का विकास करने के साथ साथ क्षमता निर्माण में सहायक होती है। कार्यशाला में हिस्सा लेने वालों ने अपने अनुभव सांझा किए। प्राचार्या दर्शन कुमारी ने सफल कार्यशाला के लिए सभी को बधाई दी। इस मौके पर जयप्रकाश रंगा, प्रवक्ता संजय, प्रवक्ता महेंद्र मान, रेखा कुल्हरी, अनिता शर्मा, प्रतिभा अहलावत, रविन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, धनपत सिंह, सोनू, कुलदीप शर्मा, संगीता, विनोद बॉक्सर, मांगेराम पीटीआई, श्यामसुंदर, बबली, ममता शर्मा, प्रोमिला आदि ने हिस्सा लिया।

### दादा रेढूनाथ व्यायामशाला बहादुर सिंह अखाड़ा के पहलवानों ने दिखाए दांवपेच

# बहादुर सिंह अखाड़ा के पहलवानों को किया सम्मानित, 6 पदक जीते



**चरखी दादरी।** पदक खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

भाजपा नेत्री बबीता फौगाट ने पहलवानों को आशीर्वाद दिया व आगे भी जिले के नाम को कुश्ती में रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

कॉलेज रोड स्थित दादा रेढूनाथ व्यायामशाला बहादुर सिंह अखाड़ा परिसर में कार्यक्रम का आयोजन संचालक व मुख्य कोच यासीन खान की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में गांव चरखी में आयोजित जिला इंटर अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड व सिल्वर पदक जीतने वाले सभी पहलवानों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अखाड़े के तीन पहलवानों ने स्वर्ण व तीन ने रजत पदक जीते। बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए भाजपा नेत्री बबीता फौगाट ने पहलवानों को आशीर्वाद दिया व आगे भी जिले के नाम को कुश्ती में रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उनके अलावा पार्षद पप्पू दहिया, प्रतिनिधि विरेंद्र जीतू, पूर्व सरपंच कृष्ण चिड़िया, कमल ठेकेदार चिड़िया, पूर्व चेयरमैन अजीत बलाली, बबली व मूरी पहलवान, कुलदीप आदमपुर, प्रदीप सांगवान, धर्मेंद्र पहलवान, वजीर, अजीत सिंह गहलावत, जीता गोठडा, ओमकार आशिष सैनी भी शामिल हुए। मुख्य कोच यासीन खान ने बताया कि अखाडे. के पहलवानों ने महिला व पुरूष दोनों ही वर्गो में अपनी चुनौती रखी, इस स्पर्धा में पूरे जिले के अलग अलग हिस्सों में स्थित अखाड़ों से पहलवानों ने कुश्ती के दावपेंच दिखाए। दादा रेढूनाथ व्यायामशाला बहादुर सिंह अखाड़ा के गोल्ड जीतने वालों में 71 किलोग्राम मे नितिन, 65 केजी ग्रीको में नमन, 51 किग्रा में प्रिंस शामिल है। वहीं 40 केजी में अर्पिता, 55 केजी में साहिल व 69 केजी में अक्षिता ने रजत पदक जीता है। इससे पहले भी जिला व राज्य स्तर पर दादा रेढूनाथ व्यायामशाला के पहलवान जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।

## रग्गी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

- नेशनल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे शहर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल प्रतियोगिता में चरखी दादरी के दो खिलाड़ी एमसी कॉलोनी से अभिमन्यु डागर व मिसरी गांव से हैप्पी ने भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उमदा प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों का संबंध शहीद भगतसिंह खेल अकेडमी रावलधी चौक बाईपास से है। रविवार को शहीद भगत सिंह खेल अकेडमी से मिसरी गांव तक खिलाड़ी हैप्पी का स्वागत जुलूस निकाला लाएगा। इस अवसर पर कोच राजेश तक्षक, सुदेश तक्षक, जयभगवान रावलधी, निहालसिंह, प्रदीप सरपंच सौंफ, जयराम प्रेमी, ओमबीर महराणा, जयबीर सूबेदार आदि ने खुश प्रकट की। कोच राजेश ने बताया कि खिलाड़ी हैप्पी को खुल्ली जीप में अकादमी से मिसरी गांव तक फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते लेकर जाया जाएगा, ताकि अन्य खिलाड़ियों को खेल खेलने की प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा सम्मान समारोह से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है तथा उनमें पहले से अधिक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है।




**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रग्गी खिलाड़ी।



**बहल।** आर्य समाज मंदिर में योगासन का अभ्यास करवाते योगाचार्य हरपाल शास्त्री।

## योगाचार्य ने आर्य समाज मंदिर में कराया योगाभ्यास

- आर्य समाज मंदिर में योग, ध्यान व चिकित्सा शिविर सातवें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

आर्य समाज विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर में योग, ध्यान व चिकित्सा शिविर सातवें दिन जारी रहा। शिविर में साधकों को शारीरिक दुर्बलता को दूर करने व विभिन्न बीमारियों से दूर रहकर शरीर को निरोगी रखने के लिए आसन, प्राणायामों का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को बुरे व्यसनों से दूर रहकर समाज निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। शनिवार को शिविर में योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने कहा कि हर व्यक्ति को प्रतिदिन एक घंटा खुद के लिए, आधा घंटा ध्यान, भक्ति के लिए व एक घंटा राष्ट्र व समाज के कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है, युवा शक्ति ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। विदेशों में चिकित्सा, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न कार्य क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की बहुत मांग है, क्योंकि भारतीय युवा उर्जा, दक्षता व कार्य के प्रति समर्पण भाव रखते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वो अपने लक्ष्य का निर्धारण कर खूब मेहनत से ऊंचाइयों तक जाए और बुरे व्यसनों से दूर रहकर आर्य समाज की विचारधारा से जुड़े। शिविर में योगाचार्य हरपाल शास्त्री व उमेश सैनी ने साधकों को उत्तानपादसान, हलासन, सर्वांगासन, पवनमुक्तासन, धनुरासन, ताड़ासन व नाड़ीशुद्धि अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में इन सरल आसनों के अभ्यास से निरोगी जीवन व्यतीत किया जा सकता है। इसके अलावा शीतली व शीतकारी प्राणायाम का तीनों बंध लगाकर अभ्यास करवाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल प्रधान सुनील शर्मा, अजय बिधनोई, अशोक साबू, उमेश आर्य, रामनिवास आर्य, सागरमल केडिया, पूर्व चेयरमैन सुशील केड़िया, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## रोटरी सैंट्रल के नीतिन प्रधान व नवीन सचिव बने

**हिसार।** रोटरी सेंट्रल की प्रधान राकेश महता की अध्यक्षता में बैठक कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नीतिन ग्रोवर को रोटरी सैंट्रल का प्रधान, नवीन साहनी को सचिव व संजय ठकराल को कोषाध्यक्ष चनु गया। नई कार्यकारिणी एक जुलाई को पदभार संभालेगी। नवनियुक्त प्रधान नीतिन ग्रोवर ने कहा कि वे क्लब के सभी सदस्यों के साथ मिलकर रोटरी सैंट्रल के सामाजिक कार्यों के अभियान को आगे बढ़ाएंगे और नए प्रोजेक्ट लगाकर क्लब की गतिविधियों को और गति प्रदान की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सप्ताह बाद हुए पानी के दर्शन

- वार्डवासियों ने दिए जलघर को ताला जड़ने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

हरियाणा के भिवानी जिले के बवानी खेड़ा के वार्ड 12 में शुक्रवार सांय को पीने के पानी की सप्लाई गंदी और पीलेपन की आने से वार्ड में रोष फैल गया और वार्डवासियों में पवन, सत्यवान, वजीर, मंगलू, अजीत, चमन ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए वहीं विभाग के कनिष्ट अभियंता ने मौके का निरीक्षण करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि कस्बा में पीने के पानी की समस्या को लेकर कोहराम मचा हुआ है। आए दिन किसी न किसी वार्ड में रोष प्रदर्शन हो रहे हैं और विभाग की लेटलतीफी पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि उनके वार्ड में एक सप्ताह बाद पानी आया और जब सप्लाई आई तो गंदे, बदबूदार और पीले रंग की आने से वे दहशत में आ गए। इस पानी का वे न तो दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकते हैं और न इसे गिरा सकते हैं। वार्डवासियों ने बताया कि समय समय पर विभाग को अवगत करवाया गया लेकिन समय पर जांच की जाती तो पानी की बचत होती और वे इसे प्रयोग कर सकते थे। लेकिन वे रोजाना पानी खरीदकर जीवनयापन करने पर मजबूर हो रहे हैं।



**बवानीखेड़ा।** वार्ड 12 में गंदे पानी की सप्लाई को लेकर रोष जाहिर करते हुए वार्डवासीगण।

**क्या कहते हैंअधिकारी**

*इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि कर्मचारियों को मौके का निरीक्षण करने के लिए आदेश दिए हैं, समस्या का समाधान होगा।*

## रोजगारपरक कोर्सेज प्रारंभ किए

- वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बढ़ रहे नौकरियों के अधिक अवसर : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत रोजगारपरक गुणवत्तापूर्ण, संस्कारी शिक्षा के साथ उन्हें स्किल्ड बनाकर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित कर रही है। इसी दिशा में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की दूरदर्शी सोच स्पष्ट संकेत दे रही है। कुलपति धर्माणी के कुशल नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह के मार्गदर्शन में अपने ओल्ड कैंपस




में स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज शुरू करने का निर्णय लिया, जिसमें आठ नए रोजगारपरक जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज प्रारंभ किए हैं। इन्हीं में बीएससी मेजर इन फिजिक्स (सेमी कंडक्टर टेक्नोलॉजी) कोर्स है। प्रवक्ता ऋषि शर्मा ने बताया कि फिजिक्स विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विपिन कुमार जैन द्वारा दी जानकारी अनुसार फिजिक्स (सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी) में बैचलर ऑफ साइंस (ऑनर्स) कार्यक्रम आमतौर पर छात्रों को विभिन्न प्रकार के अंतःविषय और बहु-विषयक पाठ्यक्रमों के माध्यम से समग्र विकास पर ध्यान देने के साथ-साथ सेमी कंडक्टर डिवाइस निर्माण, डिजाइन और अनुप्रयोग के सिद्धांतों और प्रचलन में एक मजबूत आधार प्रदान करने पर केंद्रित है। प्रोफेसर विपिन कुमार जैन ने बताया कि एनईपी 2020 की तर्ज पर सर्टिफिकेट/यूजी डिप्लोमा/यूजी डिग्री/ऑनर्स के साथ यूजी डिग्री/रिसर्च के साथ ऑनर्स के साथ मल्टीपल एग्जिट का विकल्प होगा। विद्यार्थी ये कोर्स करने उपरांत इसरो और नासा जैसी विश्व प्रसिद्ध अनुसंधानिक संस्थानों के साथ सेमी कंडक्टर विनिर्माण औधोगिक इकाइयों में कैरियर बना सकते हैं।

### उपायुक्त ने सहयोग के लिए अधिकारियों और भिवानीवासियों का जताया आभार

# उपायुक्त नरेश नरवाल की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी

- विदाई पार्टी में एडीसी हर्षित कुमार व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला सहित अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

उपायुक्त नरेश नरवाल की सेवानिवृत्ति पर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में एडीसी हर्षित कुमार व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने सम्मान स्वरूप पुष्प गुच्छ भेंट कर भविष्य की शुभकामनाएं दी।



**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल की रिटायरमेंट अवसर पर स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी में उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि भिवानी कार्यकाल के दौरान सभी अधिकारियों ने पूरी निष्ठा व लगन के साथ जो सहयोग किया है इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी भिवानी वासियों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जितना सहयोग उन्होंने दिया उसके लिए मैं सबका आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाँति सभी अधिकारी और आमजन मिलकर कार्य करते रहे ताकि ज़िला को आगे बढ़ाया जा सके। उपायुक्त नरवाल ने कहा कि आप सबके साथ लंबा समय बिताया है तो निःसंदेह उनके लिए यह एक भावुक पल है। सेवानिवृत्ति नौकरी का अंतिम पड़ाव है जहां सबको पहुँचना होता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि भविष्य में कभी उनकी ज़रूरत पड़े तो वे अपने अनुभव कि साथ सदा तत्पर रहेंगे।

**उज्ज्वल भविष्य की कामना**

इस दौरान भिवानी के एसडीएम हरबीर सिंह, तो शाम के एसडीएम मनोज दलाल, सीईओ जिला परिषद अस्वीर नैन सहित विभिन्न अधिकारियों ने उपायुक्त नरेश नरवाल का आभार जताते हिये कहा कि जो सहयोग उन्होंने हम सब को दिया वह भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर सभी ने उनके उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए विदाई दी। उल्लेखनीय है कि उपयुक्त नरेश नरवाल ने 31 अगस्त 2022 में डीसी का कार्य भार संभाला था। वे वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। 31 अगस्त को नरेश नरवाल को नगर निगम आयुक्त करनाल से स्थानांतरित करके भिवानी का उपायुक्त लगाया गया था। इससे पहले उपायुक्त नरेश कुमार मेवात व झज्जर जिले में अतिरिक्त उपायुक्त, गुरुग्राम में लेबर कमिश्नर सहित विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके थे। इस मौके पर उपायुक्त नरेश नरवाल ने उनके कार्यकाल के दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों एवम कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी भेंट किये।